हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

04 निःशुल्क जलसेवा का हुआ शुभारंभ



08 विदिशा संसदीय क्षेत्र में 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान...





## खबर संक्षेप

### विश्व अर्थ दिवस पर पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई

**विदिशा।** प्रधान डाकघर विदिशा में कर्मचारियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु यूज एण्ड थ्रो सामानों के उपयोग से बचाव की शपथ दिलाई गई। अधीक्षक डाकघर एसएस सिकरवार ने कहा कि सभी लोग संकल्प लें कि ऐसी वस्तुओं का उपयोग करने से बचें जो एक बार उपयोग के बाद फेंक दी जाती हैं। पॉलिथिन एवं प्लास्टिक के अन्य सामानों का उपयोग यदि न हो तो पर्यावरण संरक्षण का अधिकांश कार्य स्वतः पूर्ण हो जाएगा। इन वस्तुओं के स्थानों पर कपड़े के झोले एवं ऐसी कलम आदि के उपयोग को प्रोत्साहित करें जो बार-बार काम में आते हैं। उनसे पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। उन्होंने इनवायरमेंट फ्रेंडली होने की आवश्यकता पर जोर देते हुये नागरिकों से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान डाकघर एवं उप डाकघरों में सापफ सफाई तथा पौधरापेण भी किया गया।

### शिशु मंदिर में छात्रों को बांटे पुरस्कार

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में होने वाली गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। उक्त समारोह की भूमिका संस्था प्राचार्य राजकुमार तिवारी द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव गजेंद्रपाल राजपूत ने छात्रों को बधाई दी। मुख्य अतिथि जाधव ने कहा कि पुरस्कार वितरण होने से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन होता है साथ ही दूसरे छात्रों को प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष संजीव राठौड़, उप समिति सदस्य राजेन्द्र कटारे, अभिभावक मौजूद रहे। लगभग 170 विद्यार्थियों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रीति जैन दीदी एवं आभार प्रातः पाली प्रभारी कीर्ति दीक्षित दीदी ने माना। यह जानकारी शिशु मंदिर की जिला प्रचार प्रमुख चेतना शर्मा ने दी।

### आंगनबाड़ियों में दिया गया जागरुकता संदेश

**विदिशा।** मेरा वोट मेरा अधिकार की थीम पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित गतिविधियों के क्रम में जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में मेहंदी, रंगोली सहित अन्य विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित हुई जिनमें आंगनबाड़ी क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बरुआखार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व ग्रामीण महिलाओं ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। संदेश के माध्यम से कहा गया है कि जिले के सभी मतदाता लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 7 मई को अपने नियत मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें।

## लंबित आवेदनों की समीक्षाः मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं दुरस्त रखने के निर्देश

चुनावी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग सूची में विदिशा प्रदेश में तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की जिलों की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला तीसरे स्थान पर है। कलेक्टर ने कहा कि इस स्पीड को बनाए रखें ताकि विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल आए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम व खंड स्तरीय अधिकारी भी आवेदनों के निराकरण मामले में ऐसी ही गंभीरता बरतेंगे ताकि रैंकिंग सूची में किसी भी प्रकार से जिले की रैंकिंग में गिरावट न हो। उन्होंने कहा की सीहोर जिला लगातार अव्वल स्थान पर बना है। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान पीएम जनमन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर मतदान केन्द्र पर बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की जानी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मतदानकर्मियों को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में निर्धारित तिथियों की जानकारियां दी गई। बताया गया कि सभी विभागों के अधिकारियों को प्रमाण पत्र देना होगा कि हमारे घर, परिवार सहित अन्य रिश्तेदार लोकसभा चुनाव में अभ्यर्थी नहीं है। बैठक में उपार्जन कार्यों की भी समीक्षा की गई।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य।

### बोरवेल का गड्ढा खुला होने की सूचना देने पर दिया जाएगा इनाम

कलेक्टर ने जिले में कहीं भी खुला बोरवेल पाए जाने पर सूचनाकर्ता को नगद इनाम राशि देने के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि इनाम की राशि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत के द्वारा प्रदाय की जाएगी। शहरी निकाय क्षेत्रों में संबंधित बोरवेल कराने वाले से इनाम की राशि वसूल कर सूचनाकर्ताओं को दिलाए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि बोरवेल असफल होने पर भी उसे इस प्रकार से ढका जाए कि किसी भी प्रकार की अनहोनी न होने पाए। इसी प्रकार की प्रक्रिया जल स्त्रोत सूख जाने के कारण, केसिंग पाइप निकालने के कारण निर्मित न हो पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी एसडीएमो व जनपद सीईओ को भी इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### बिजली विहीन मतदान केंद्रों पर दो दिन में बिजली व्यवस्था करने के निर्देश दिए

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर बिजली की व्यवस्था होना चाहिए। ऐसे मतदान केंद्र जहां अभी तक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है उन मतदान केंद्रों के लिए प्राथमिकता से बिजली के अस्थायी कनेक्शन की प्रक्रिया दो दिन में पूरी की जाए। हर मतदान केंद्र पर दो-दो चार्जेबल बल्व भी लगाए जाने हैं। कलेक्टर ने डीपीसी को निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी भवनों व अन्य विभागों के भवनों में स्थापित मतदान केंद्र में तमाम व्यवस्थाएं पूरी कराए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

# अगले 2 दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी

- वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से तेज आंधी चलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक बार फिर मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। सुबह से आसमान में बादल छा रहा हैं। मौसम में आ रहे बदलाव की चलते तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से मौसम खुला रहा। सूरज की तेज तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि के कारण तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। अब फिर से बादल छाने लगे हैं। मौसम विभाग ने दो दिन हल्की बारिश की संभावना जताई है। आज सोमवार को उच्चतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बेमौसम बारिश होने से सबसे ज्यादा परेशानी का सामना किसानों को करना पड़ा है। अब किसान अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे है, ऐसे में बारिश होने से उनकी उपज गीली होने का खतरा मंडरा रहा है।

### इस हफ्ते में 40 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। जिसके चलते अगले 24 घंटे में बारिश होने की संभावना है। अगले 2 दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। 25 अप्रैल से तेज गर्मी पड़ेगी। अभी तापमान 36 डिग्री के आसपास चल रहा है। अगले चार दिन में 39 डिग्री और उसके बाद अगले हफ्ते तक 40 डिग्री तक पहुंच सकता है।

# अपडाउनर्स को सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग बिहार के सांसद के माध्यम से रेलवे तक पहुंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रेलवे अपडाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और रेलवे सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन ने बिहार के सांसद के माध्यम से रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर रेल प्रबंधन को एक पत्र भेजा। जिसके माध्यम से एमएसटी पास धारकों को सुविधापूर्ण यात्रा के लिए अंतरनगरीय रेलवे स्टेशनों के मध्य संचालित ट्रेनों में एक अनारक्षित डिब्बा उपलब्ध कराने की मांग की गई थी।

जवाब में रेलवे ने कहा है की एमएसटी पास धारकों को सुविधापूर्व यात्रा के लिए ट्रेनों में अनारक्षित डिब्बे उपलब्ध होते हैं जिसमें पास धारक यात्रा कर सकते हैं। वहीं एमएसटी धारकों को उनके प्रस्थान एवं गंतव्य रेलवे स्टेशनों पर रियायती पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी पत्र में लिखा गया। जवाब में रेलवे ने कहा है की रेलवे स्टेशनों पर एमएसटी धारक यात्री अपने वाहन पार्किंग के लिए पार्किंग संवेदक से संपर्क कर रियासती दर पर मासिक पार्किंग पास जारी करवा सकते हैं। पत्र में वरिष्ठ नागरिकों पत्रकारों एवं अन्य वर्ग के लोगों को रेल किराए में दी जाने वाली रियायत को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। जिस पर रेलवे ने कहा कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को रेल किराए में रियायत रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान नहीं की जा सकती। सिर्फ विकलांग और बीमार व रोग ग्रस्त लोगों को किराए में रियायत दी जाती है।



# ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

उप तहसील हैदरगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कस्बे में पीएचई ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए गलियों में आरसीसी की सड़के खोदी जा रही हैं।

पीएचई ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों में बताया है कि ठेकेदार के कर्मचारी महीने में एक या दो दिन ही काम करते हैं। बाकी अधूरा काम छोड़कर चले जाते हैं। कस्बे में प्रवेश करते ही बस स्टैंड से बुधवारा बाजार की सड़क नल जल योजना के लिए खोदी गई। जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित कार्य न होने की वजह से आए दिन ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जो सड़क खोदी हैं उसमें बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि पीएचई ठेकेदार पाइपलाइन बिछाने का कार्य निरंतर सुचारू रूप से करें इसके बाद सड़क की मरम्मत हो। जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

### पुराना काम है जिसे पूर्ण नहीं कियाः सरपंच

गीता कंट्रक्शन के ठेकेदार नितिन गर्ग ने बताया की सरपंच के द्वारा कुछ अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाई गई है वहां पर यदि कुछ काम शेष रह गया है तो जल्द ही पूर्ण करवाएंगे। पीएचई एसडीओ सिरोही ने बताया की जो भी कार्य शेष रह गया उसको अति शीघ्र पूर्ण कराएंगे। इस संबंध में हैदरगढ़ ग्राम पंचायत सरपंच सुनील विश्वकर्मा का कहना है यह कार्य पुराना ही है इसे अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है नया कोई भी कार्य नहीं दिया गया है।

### जिले की छात्रा ने देश में चौथा स्थान हासिल किया

**विदिशा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 2023 में आयोजित लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में विदिशा जिले की छात्रा नेहा प्रजापति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की छात्रा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र प्रेषित किया गया है साथ ही 1100 की राशि छात्रा के बैंक खाते में भेजी गई है। कलेक्टर ने छात्रा नेहा द्वारा डिजाइन किए गए लोगो की भी प्रसंशा की है।

# भाजपा के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान का रोड शो आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान आज 23 अप्रैल मंगलवार को खिरिया स्थित लवली मैरिज गार्डन से शुरु होकर अहमदपुर होते हुए गुलाबगंज तक रोड शो करेंगे। यह रोड शो लवली मैरिज गार्डन ग्राम खिरिया से सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। यह रोड शो ग्राम सौठिया होते हुए गुरारिया, चिड़ोरिया से अहमदपुर रोड पर पहुंच जाएगा। जहां विभिन्न ग्रामों के कार्यकर्ता एवं आमजन रोड शो में शामिल होंगे। 12:15 हांसुआ, नहरयाई स्टॉप, जैतपुरा रोड़, गाजीखेड़ी स्टॉप, भाटनी, बेरखेड़ी स्टॉप, अहमदपुर ठर्र रोड, परसूखेड़ी, पीपरहूंठा, ठर्र, पालकी होते हुए अपरांह 3 बजे गुलाबगंज तिराहे पर पहुंच जाएगा। सागर रोड गुलाबगंज तिराहे पर भैरोखेड़ी, कुआखेड़ी, भदारबड़ागांव, खरी, हिरनई, हुस्नापुर, पांझ, धतुरिया, पड़रात, रुसल्ला, कराखेड़ी, काफ, बराखेड़ा, सौराई, हरिसिंह मूडरा, इमलिया, बंधेरा के ग्रामीणजन एकत्रित रहेंगे। इसके बाद यह रोड शो शाम 5 बजे गुलाबगंज पहुंचेगा।



### तैयारियां संबंधी बैठक में अनेक निर्णय लिए गए

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन की तैयारी संबंधी बैठक आयोजित की गई। समिति की बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिए गए की जिला एवं खंड मुख्यालय पर एक साथ मई माह की एक से 31 तारीख तक 10 प्रकार के विभिन्न खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत ने बताया कि इस वर्ष दो अतिरिक्त खेलों का समावेश किया जाना है। इन खेलों के चयन का निर्णय जिला खेल और युवा कल्याण समिति के द्वारा तय किया जाना है। प्रशिक्षण अवधि में खिलाड़ियों तथा खेल प्रशिक्षकों को दी जाने सुविधाओं के अलावा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जन सहयोग से प्रदाय सल्फर एवं अन्य सुविधाओं के उन्नयन पर चर्चा की गई है।

## व्यापार महासंघ के नेतृत्व में अनेक व्यापारिक संगठन कलेक्टर से मिले

# चैकिंग में व्यापारियों के सोने चांदी के जेवर जब्त करने का विरोध, व्यापारी बोलेः भविष्य में ऐसे कार्रवाई न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सर्राफा व्यापारियों के सोने चांदी के जेवर आयकर विभाग द्वारा जब्त करने का विदिशा व्यापार महासंघ सहित अन्य संगठनों ने विरोध किया है। सोमवार को व्यापारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रात के 3 बजे तक चेंकिग के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया गया। जरूरी दस्तावेज संबंधित आधिकारियों को दिखाने पर भी सोने चांदी की रकम आयकर विभाग के आधिकारी द्वारा जब्त कर ली गई। भविष्य में ऐसी कार्रवाई ना हो इसके लिए विदिशा व्यापार महासंघ द्वारा ज्ञापन कलेक्टर को दिया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन ने बताया कि वैवाहिक सीजन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से अनाज परिवहन के चलते व्यापारी, किसान और आमजन नगदी, रकम आदि लेकर आते जाते हैं।

साप्ताहिक हाट बाजार करने वाले व्यापारियों को प्रशासन द्वारा पास बनाकर दिया जाए जिससे व्यापारियों को चेंकिग के नाम पर परेशान न होना पड़े। व्यापारियों की बात सुनकर कलेक्टर ने निराकरण की बात कही। संबंधित आधिकारियों एवं व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक कर इस समस्या का हल निकाला जाएगा।




# घर के ड्राइंग रूम में लगी 42 इंच की जेवर केस, टीवी उड़ा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लगातार चोरी की घटनाओं से जनता परेशान है। खरीफाटक पुरानी गल्ला मंडी के पास अरिहंत हिल्स मे चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

अरिहंत हिल्स के रहने वाले मनोज सिंह के घर का मेन दरवाजा का लॉक को तोड़कर चोर घर में घुसे और बेडरूम में रखी अलमारी में से सोने और चांदी के जेवर व नकदी लेकर रफू चक्कर हो गए। घर के ड्राइंग रूम में लगी 42 इंच की एलसीडी टीवी को भी चोर ले गए। चोरी के दौरान मनोज सिंह परिवार के साथ घर में ही सो रहे थे। सुबह जब आंख खुली तो उन्होंने देखा कि घर में सामान बिखरे पड़े हैं और अलमारी भी खुली है। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद अज्ञात चोरों ने सुराग ढूंढने की कोशिश में लग गए। मनोज सिंह की माने तो चोरों ने बेहोशी का स्प्रे का उपयोग करके उन्हें बेहोश करके चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया घर का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुसे। उनके बेडरूम में बनी कवर्ड को चोरों ने खोलकर सोने चांदी के जेवर और रुपए चोरी कर लिए। चोरों ने फ्रिज में से रखे ड्राई फ्रूट्स को खाया और फिर बाद में चोरों ने बेडरूम में लगी एलसीडी को निकालने की कोशिश की थी। जब उसको नहीं निकल पाए तो बाहर ड्राइंग रूम में लगी 42 इंच की एलसीडी ले गए। उन्होंने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए की चोरी की है ।



## नाम वापसी के अंतिम तीन अभ्यर्थियों ने वापस लिया नाम निर्देशन पत्र

# विदिशा संसदीय क्षेत्र में 13 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

### प्रेक्षक की मौजूदगी में अभ्यर्थियों को किया गया चुनाव चिन्ह का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नाम वापसी के अंतिम अदिन 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे के समक्ष तीन अभ्यर्थियों द्वारा अपने नाम निर्देशन वापस लिए गए। विदिशा संसदीय क्षेत्र में अब 13 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। नाम निर्देशन वापसी की समयावधि पूर्ण होने के उपरांत व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी श्री दुबे द्वारा अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटन की कार्रवाई की गई।

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा रायसेन लोकसभा के लिए निर्वाचन लड़ रहे बहुजन समाज पार्टी के किशनलाल लड़िया को चुनाव चिन्ह हाथी, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी प्रतापभानु शर्मा को चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी शिवराज सिंह चौहान को कमल का फूल तथा जयप्रकाश जनता दल पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश कुमार को चुनाव चिन्ह डीजल पम्प आवंटन किया गया। अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अभ्यर्थी धर्मवीर भारती को चुनाव चिन्ह केतली, राइट टु रिकॉल पार्टी के अभ्यर्थी धर्मेन्द्र सिंह पंवार को चुनाव चिन्ह प्रेशर कुकर, महानवादी पार्टी के अभ्यर्थी भीकम सिंह कुशवाह को चुनाव चिन्ह करनी तथा पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी के अभ्यर्थी मुंशीलाल सिलावट को चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा आवंटित किया गया। इनके अतिरिक्त सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा को चुनाव चिन्ह झूला, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल जब्बार निवासी बैस दरवाजा अन्दर किला विदिशा को चुनाव चिन्ह बल्ला, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल रशीद निवासी वार्ड नं. 8 नई बस्ती शाहगंज तह. बुधनी जिला सीहोर को चुनाव चिन्ह बक्सा, निर्दलीय अभ्यर्थी धूलसिंह धम्म निवासी ग्राम कचनारिया पोस्ट चुपाडिया तहसील आष्टा जिला सीहोर को चुनाव चिन्ह चारपाई तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया निवासी वार्ड नम्बर-28 शिवमंदिर के पास शेरपुरा विदिशा को चुनाव चिन्ह माईक आवंटित किया गया।

### कलेक्टर ने एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में संचालित एमसीएमसी कक्ष में पहुंचकर पेड न्यूज की निगरानी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने एमसीएमसी कक्ष में पेड न्यूज की पेपर कतरनों का बारीकी से अवलोकन किया साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिन्ट मीडिया के साथ-साथ रेडियो व एफएम बैड पर जारी होने वाली प्रचार-प्रसार हेतु रखी जा रही निगरानी कार्यों को संबंध में कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिए हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3980
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2950
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2196
उच्चतम भाव- 2331
चना
न्यूनतम भाव- 4500
उच्चतम भाव- 5940
मसूर
न्यूनतम भाव-3675
उच्चतम भाव-5700
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2880
उच्चतम भाव-4695
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4460
उच्चतम भाव-5450
सरसों
न्यूनतम भाव-3110
उच्चतम भाव-5170
उड़द
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6000
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
मूंग
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-3170
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6680
इमली
न्यूनतम भाव-1601
उच्चतम भाव-1601
अलसी
न्यूनतम भाव-4661
उच्चतम भाव-4661
जौं
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 44782 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय हो रहा है बार-बार बंद

**गंजबासौदा।** गर्मी के मौसम में नगर में बहुत बिजली काटी जा रही है। सोमवार को भी विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में बार बार बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिससे नगरवासियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पडा। नागरिकों का कहना है कि बिजली कंपनी द्वारा सुबह दोपहर एवं रात में कभी भी बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। ऐसे में गर्मी के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है। नागरिकों ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से भीषण गर्मी के समय में विद्युत कटौती बंद कराने की मांग की है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगा चल समारोह, होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा क्षेत्र भगवान महावीर की भक्ति में लीन रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड रहेगी। साथ ही मंदिरों में सुंदरकांड, रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक आयोजन भी संपन्न होंगे। उधर विहिप बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चल समारोह निकाला जाएगा।

ज्ञात हो कि हनुमान जन्मोत्सव इलाके भर में पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रसिद्ध हनुमान मंदिर हैं। जिसमें अशोक वाटिका में सीता जी के साथ विराजमान नूरपुर स्थित हनुमान मंदिर, मुरादपुर धाम, बालाजी धाम पचमा, गंज हनुमान मंदिर, विजय हनुमान मंदिर नौलखी धाम, स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर, चक्क हनुमान मंदिर, नानाजी वाली गली स्थित हनुमान मंदिर, जग्गा हनुमान मंदिर बैदनखेडी, इमलाधाम स्थित लेटे हुए मुद्रा वाला हनुमान मंदिर सहित इलाके भर में कई हनुमान मंदिर हैं। जो श्रद्धा एवं भक्ति के केन्द्र बने हुए हैं। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर इन मंदिरों में पूर्व से ही तैयारियां आरंभ हो गई हैं और मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव होने से श्रद्धालुओं की




भारी भीड इन मंदिरों में रहेगी।

इन सभी मंदिरों में सुबह से ही भगवान को चोला आदि चढाकर विशेष श्रृंगार एवं भोग लगाया जाएगा। इसके बाद रामधुन, कीर्तन, सुंदर कांड सहित अन्य आयोजन दिन भर चलते रहेंगे। उधर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा घरों में नए मटकों की पूजन अर्चन के साथ उन्हें पकवानों से भरकर पूजा की जाएगी और इसी दिन से गर्मियों के लिए नए मटकों का उपयोग भी शुरू किया जाएगा।

उधर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकालेगा। पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा शोभा यात्रा 23 अप्रैल शाम 5 बजे राम जानकी मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होगी। जो सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक से स्टेशन मेन रोड होते हुए रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां उसका समापन होगा। शोभा यात्रा में सुसज्जित रथ पर हनुमान जी की झांकी सजाई जायेगी एवं महाशक्ति अखाड़े के पहलवान अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से उक्त शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### महाविद्यालय व वाचनालय में हुए कार्यक्रम, दी समझाइश और जानकारी

# विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को बताए धरा बचाने के उपाय, दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पृथ्वी के महत्व को बताते हुए धरा को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के बारे में बताया गया और उनका उपयोग कम करते हुए उनके विकल्पों पर भी चर्चा की गई। साथ ही सभी को पृथ्वी को हराभरा एवं स्वस्थ रखने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

इस अवसर पर सोमवार को पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब के द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व वसुंधरा दिवस की थीम गृह बनाम प्लास्टिक पर प्लास्टिक के विकल्पों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें ईको क्लब के समस्त छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ ने परिचर्चा में भाग लिया। परिचर्चा में घनश्याम चौकसे ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के






बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद अभिषेक सिंह ने बताया कि हम अपने दैनिक दिनचर्या में किस प्रकार प्लास्टिक का कम से कम उपयोग कर अपने वातावरण को साफ सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। सभी ने पृथ्वी को प्लास्टिक से बचाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि प्लास्टिक के स्थान पर हम कपडे एवं पेपर के थैले का भी उपयोग कर सकते हैं। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाया एवं अंत में सभी छात्र / छात्राओं तथा स्टाफ ने पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने की शपथ ली।

उधर शहर वाचनालय में भी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाते हुए चर्चा की गई। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि 22 अप्रैल 1970 को सबसे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया। तब से हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा और इस दिन को इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के नाम से भी जाना जाता है। आज लगभग पूरी दुनिया में पृथ्वी दिवस के मौके पर धरा की धानी चुनर को बनाए रखने और हर तरह की जीव जंतुओं को उनके हिस्से का स्थान और अधिकार देने का संकल्प लिया जाना चाहिए। पृथ्वी दिवस का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक भार डाला है। संसाधनों के सही इस्तेमाल के लिए पृथ्वी दिवस जैसे कार्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है।

वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों में पृथ्वी को पृथ्वी माता का दर्जा दिया गया है और उसे सहेजकर एवं संभालकर रखना और उसे किसी भी तरह से नुकसान न पहुंचाना हमारा धर्म एवं कर्तव्य है। सभी ने बताया कि पृथ्वी पर बहुत सारे ऐसे तत्व हैं, जिनका हम दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं और यही तत्व अंत में पृथ्वी एवं उसमें पाए जाने वाले संसाधनों को नुकसान पहुंचाते हैं। हमें ऐसे तत्वों के प्रति जागरूक रहना होगा और जानकारी के बाद ऐसे तत्वों के कम से कम उपयोग करने पर विचार ही नहीं काम भी करना होगा। तभी हम अपनी पृथ्वी को बेहतर ढंग से रहने लायक बना सकेंगे।

इस मौके पर सभी कार्यक्रमों में यह भी बताया गया कि पूर्वजों ने जिस तरह की धरा, संसाधन और पर्यावरण हमें सौंपा था, वैसा पर्यावरण, धरा और संसाधन हम अगली पीढी को नहीं सौंप रहे हैं। इसलिए हमें अभी से पृथ्वी, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की चिंता करते हुए काम करना होगा। तभी हम अपने बच्चों या अगली पीढी को शुद्ध पर्यावरण, बेहतर पृथ्वी और संसाधन सौंप सकेंगे। इस अवसर पर उमेश ताम्रकार, नंदकिशोर सोनी, प्रभाकर नामदेव, मिलन श्रीवास्तव, उत्तम सोनी, कैलाश नेमा, सतीश सेन सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

# बैंक कर्मचारियों के रवैए से ग्रामीण उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम ऊहर की पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों के रवैये से किसान और हितग्राही काफी परेशान हैं। आए दिन समय पर बैंक नहीं खुलती और लगभग सभी बैंक कर्मचारी अप डाउन करते हैं। साथ ही बैंक कर्मचारी उपभोक्ताओं और ग्रामीणों से काफी अभद्र व्यवहार भी करते हैं और उन्हें घंटों तक लाइन में खड़ा कर रखते हैं। हितग्राही द्वारा कोई बात पूछने पर एकदम झल्ला के जबाब देते हैं। ऐसा ही मामला सोमवार को एक किसान के साथ हुआ। पैसे के भुगतान में देरी होने का कारण जब बैंक कर्मचारी से उपभोक्ता ने पूछा तो बैंक कर्मचारी हितग्राहियों से बदतमीजी पर उतारू हो गया और मामला काफी गरमा गया। ऐसा एक नहीं आए दिन का मामला है। परेशान ग्रामीणों और बैंक उपभोक्ताओं ने बैंक प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों से बैंक कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार कराने और अभद्र व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### उदयपुर में भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ



**उदयपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की सागर लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे के द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र की जनता उपस्थित रही। विधायक ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि 24 तारीख को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सागर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े के समर्थन में सागर पधार रहे हैं। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या सागर पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने सभी कार्यकर्ताओं को सागर सीट से लोकसभा प्रत्याशी लता डॉ वानखेड़े को कुरवाई विधानसभा से अधिक से अधिक बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विनोद जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता व प्रचार-प्रसार आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका परिषद एवं महिला बालविकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आदर्श गोपाल पाठशाला में मतदाता जागरूकता एवं प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड की महिलाओं को संकल्प दिलाया गया कि प्रत्येक मतदाता द्वारा सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी को मतदान का महत्व भी बताया गया। मतदाता प्रचार प्रसार कार्यक्रम में मतदान क्रमांक




46 की B.L.O. रेखा विश्वकर्मा, मतदान क्रमांक 47 की B.L.O.पवित्रा चौरसिया, मतदान क्रमांक 49 के B.L.O.गोविंद सिंह दांगी, सामुदायिक संगठक सतीश कुमार शिल्पकार एवं अशोक सोलंकी ,कमल सोनी सहित अनेक मतदाता उपस्थित थे।

### वर्ल्ड लिवर डे पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित उमंग हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि लिवर को लेकर हमेशा सतर्क रहें नियमित लीवर की जांच कराये और फैटी लीवर की बीमारियों को रोकें। इस विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. ब्रजेश वर्मा ने बताया कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में लैब टेक्नीशियन एवं रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अनुराग जैन को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने वक्तव्य में लिवर से संबंधित विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों के सम्मुख रखा। उन्होंने बताया कि विभिन्न अंग मिलकर तंत्र तैयार करते हैं एवं लिवर शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथि है। जो कि शरीर में चेक पॉइंट की तरह से काम करती है। हमें विभिन्न साइन और सिम्टोम्स से ज्ञात होता है कि शरीर में कुछ असहजता हो रही है। जिसका सामान्य उपचार अच्छी लाइफ स्टाइल, अच्छा खान-पान है। अनुराग जैन ने शरीर के बायोलॉजिकल क्लॉक को भी विस्तृत तौर पर समझाया एवं वैक्सीनेशन का महत्व भी बताया। लिवर संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए उन्होंने एलोपैथिक, आयुर्वेद एवं दिनचर्या के सभी पहलुओं से अवगत कराया। व्याख्यान के उपरांत विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में अत्यंत सक्रियता से सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोहन कुमार यादव द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। लिवर से संबंधित जागरूकता को ध्यान में रखते हेतु विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टाफ के साथ अनिल अरोरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रदन्या करंदीकर द्वारा किया गया एवं डॉ. आरती साहू द्वारा सभी अतिथियों का आभार माना गया।

### श्रमदान दल लगातार चला रहा है बेतवा नदी सफाई अभियान

# साप्ताहिक श्रमदान का 29वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का उनतीस वें चरण में रविवार को श्रमदान आयोजित हुआ। शनिवार को नौलखी धाम पर महायज्ञ के समापन के पश्चात सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चले महाप्रसादी वितरण की थकावट के बावजूद रविवार को पांच सदस्य श्रमदान करने रिपटा घाट पहुंचे। बाबजूद पांच सदस्यों के समूह ने कोई कसर नहीं छोड़ी और जम कर पसीना बहाया और नदी एवं घाट पर लोगों द्वारा फैलाए गए विभिन्न प्रकार कचरा जैसे प्लास्टिक पन्नी, तेल, शैम्पू ,साबुन पाउच एवम रैपर, शराब एवम पानी की बोतले, प्लास्टिक एवम कांच के फोटो फ्रेम, फूल मालाएं,गंदे कपड़े, कहीं भी बैठ कर बनवाए गए बाल आदि को समेटकर एक स्थान पर एकत्रित किया। उल्लेखनीय है कि अपने शहर गंजबासौदा तथा आसपास के गांवों को साफ शुद्ध और स्वच्छ पेय जल उपलब्ध होता रहे इसी उद्देश्य के साथ श्रमदान दल के सदस्य निरंतर रिपटा घाट पर श्रम दान कर रहे हैं और लोगों से नदियों एवम जलाशयों को साफ स्वच्छ करने की भी अपील कर रहे हैं । बाबजूद लोग अपनी रूढ़ीवादी परंपराओं, अंधविश्वास एवम धर्म की आड़ लेकर नदियों एवम पर्यावरण को प्रदूषित करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। लगातार बढ रहे प्रदूषण के कारण आज नदियां नालों में तब्दील हो रही हैं। कई नदियां मौसमी होकर रह गई हैं,जो कभी सदानीरा हुआ करती थीं। बाबजूद इसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड औद्योगिक प्रदूषण के बारे में एक दम मौन है जबकि देखा जाए तो केवल बेतवा ही नहीं अपितु देश भर की अधिकांश नदियों के प्रदूषण में उद्योगों के रसायनयुक्त अवशेषों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। रविवार को संपन्न हुए उनतीस वे श्रमदान कार्य में राकेश रघुवंशी, कोमल कुशवाह, विशाल रघुवंशी, अरनव रघुवंशी उपस्थित रहे।

### चल रहा है धर्मरक्षा निधि अभियान



**गंजबासौदा।** विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल द्वारा इन दिनों धर्मरक्षा निधि एकत्रित करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विहिप बजरंगदल के सदस्य सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए धर्मरक्षा निधि एकत्रित कर रहे हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव से धर्मरक्षा निधि एकत्रित करने पहुंचे विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं को नपाध्यक्ष के पुत्र अनुज यादव कन्नू ने धर्मरक्षा निधि सौंपीं। इस अवसर पर बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नि:शुल्क जलसेवा का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस कमलदीप अकादमी में जलसेवा का शुभारंभ किया गया। मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन द्वारा नगर के प्रवेश द्वार स्थित कमलदीप अकादमी में निशुल्क जल सेवा का यह 14 वर्ष है। इस दौरान समाजसेवियों का पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया । प्यासे कंठ को पानी पिलाने से बड़ा कोई उपकार नहीं है क्योंकि इस भीषण गर्मी में ठंडे पानी के इंतजाम होना सभी जगह असंभव है। शहर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मुख्य स्थान पर जल सेवा निरंतर किया जा रहा है। यह बात भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर नगर के कमलदीप अकादमी सिरोंज रोड पर मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके जैन ने निशुल्क जल सेवा के 14 वें वर्ष के शुभारंभ अवसर पर कही। निशुल्क जल सेवा का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, जिला सलाहकार एस सूर्यवंशी, प्रभारी नितेश जैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे समाजसेवी सुनील पिंगले, डॉक्टर एसके सेन, निर्मल कुमार जैन, शिक्षा विद रामगोपाल गुप्ता, प्राचार्य सत्यम शर्मा, मुकेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में शैलेंद्र शर्मा ने सभी का आभार माना।

बैरिकेट के पाइप को हटाकर मुख्य बाजार में प्रवेश कर रहे चार पाहिया वाहन चालक

# बैरिकेट लगने के बाद भी नागरिकों को नहीं जाम की समस्या से निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के मुख्य बाजार में बडें चार पाहिया वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने और बार बार लगने वाले जाम की समस्या से आम नागरिको को निजात दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्य बाजार के तीन चौराहो पर बेरिकेटिंग कराई गई है और सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजें तक मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है।




लेकिन चौराहो पर बेरिकेट होने के बाद भी दिन के समय चार वाहन चालको द्वारा बेरिकेट को हटाकर वाहनो को मुख्य बाजार में लाया जा रहा है। जिससे जाम की समस्या पहले जैसी ही बनी हुई है। नपा द्वारा लगाए गए बेरिकेट के समीप किसी कर्मचारी की डयूटी न होने के कारण चार पाहिया वाहन चालक बेरिकेट के पाइप को हटाकर अपने वाहन मुख्य बाजार में ले आते है जिससे बाजार में खरीदी करने आने वाले नागरिको व दो पाहिया वाहन चालको को भीषण गर्मी में घण्टों जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### मुख्य बाजार में घंटो खड़े रहते हैं वाहन

ग्रामीण क्षेत्रो से खरीदारी करने आने वाले ग्रामीण अपने दो पाहिया वाहनो को दुकानो के बाहर खडें कर देता है जिससे कि सड़क के दोनो और दो पाहिया वाहनो की लंबी कतार लग जाती है। वही इसी बीच यदि कोई चार पाहिया वाहन मुख्य बाजार में प्रवेश करता है तो जगह कम होने के कारण वाहन फस जाते है और घण्टो जाम लगा रहता है। मुख्य बाजार में दो पाहिया वाहनो की पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के कारण वाहन चालक जहा मन किया वहा अपने वाहन पार्क कर चले जाते है।

### बेरिकेटो को किया जाएगा फिक्स

मुख्य बाजार के तीनो चौराहो पर जो बेरिकेट लगाए गए है उन्हें कोई भी वाहन चालक न निकाल पाए इसके लिए जल्द ही सभी बेरिकेटो को फिक्स कर लॉक किए जाएगें जो कि सिर्फ रात्रि के समय ही खोले जाएगें।

हर्षल चौधरी,एसडीएम सिरोंज।

आज निकलेगा भव्य चल समारोह

## आस्था का केंद्र बना दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के भैंरो पठार स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का प्रतीक बन चुका है। पहाड़ी पर बने इस मंदिर की स्थापना को लगभग 100 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। इस मंदिर के आस-पास विगत वर्षो से अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। जन सहयोग से मंदिर को बड़ा रूप दिया गया। जिसमें संकट मोचन बजरंग बली की अद्भुत प्रतिमा स्थापित है। मंदिर की साज सज्जा व परिसर को सजाने के लिए हरे भरे पेड़ पौधे सहित विभिन्न कार्य नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार किए जाते है। यहां प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना एवं भक्तों द्वारा आराधना की जाती है।



**प्रति सप्ताह होता है सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन** – नगर के तहसील रोड स्थित मंशापूरण हनुमान मंदिर पर श्री सनातन सेवा मण्डल द्वारा प्रत्येक शनिवार को सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां नियमित सत्संग और भजन कीर्तन होते है। वही भैरो पठार पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में प्रवेश करते ही भगवान गणेश के दर्शन प्रवेश द्वार पर ही करने को मिलते है। इसके बाद मंदिर में महावली की विशाल प्रतिमा विराजमान है। मंदिर के आस-पास अन्य प्रतिमाए है। मंदिर में स्थापित दक्षिण मुखी हनुमान प्रतिमा नगरवासियों की श्रृद्धा और आस्था का प्रतीक है। यहां पर भी प्रत्येक सप्ताह सत्संग व सुंदरकांड पाठ होते है और आए दिन पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है।

### हनुमान मंदिरों में की जा रही साज-सज्जा

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में नगर के सभी हनुमान मंदिरों को आर्कषक रंगीन लाईटों से सजाया जा रहा है। तहसील रोड पर स्थित नगर के सबसे प्राचीन मंशापूरण हनुमान मंदिर में व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं ईमलानी रोड पर स्थित लाल बाबा हनुमान मंदिर,लक्ष्मण टेकरी,बटैया बावडी मंदिर,गनपुरी हनुमान मंदिर,जटाशंकर मंदिर,पंचमुखी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में तैयारियां की जा रही है।

### आज निकलेगा भव्य चल समारोह

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। वही बजरंग दल द्वारा चल समारोह को लेकर भव्य तैयारिया की जा रही है। बजरंग दल के जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे से छत्रीनाका तिराहा से चल समारोह निकाला जाएगा। जिसकी अगवानी डीजे सहित विभिन्न बैंडबाजों से की जाएगी। यह चल समारोह नगर के बामोरा रोड़,कस्टम पथ,कठाली बाजार,मुख्य बाजार,चांदनी चौक,राज बाजार,पुराना बस स्टेंड से होते हुए तहसील रोड स्थित मंशापूरण मंदिर पहुंचेगा जहां पर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी। इसके तत्काल बाद यह चल समारोह पुनः तहसील रोड से होते हुए,नया बस स्टेंड,मंडी बायपास रोड,ईमलानी रोड पर स्थित लाल बावा हनुमान मंदिर परिषर पहुंचकर समापन किया जाएगा। उक्त चल समारोह में बजरंग दल ने बड़ी सख्या में नगवासियों से शामिल होने की अपील की है।

## शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस, पौधों को दिए पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के कुरवाई रोड स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर महेश भाबोर के मार्गदर्शन में एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस पर आम जनता के अंदर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। ग्रह व नाम प्लास्टिक पृथ्वी दिवस 2024 की थीम है। यह थीम प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे पर प्रकाश डालती है जो हमारे ग्रह और इसके निवासियों को नुकसान पहुंचा कर गंभीर बीमारी की ओर ले जाने के प्रति सजग एवं जागरूक करती है।



इस वर्ष पृथ्वी दिवस का लक्ष्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण से प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए जागरूकता बढ़ाना तथा कार्रवाई करना है। इसके पश्चात समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने महाविद्यालय के गार्डन की सफाई की एवं पौधों में पानी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने कहा कि प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस जवानों पर प्रणा घातक हमला करने वाले 10 आरोपी दोष मुक्त

### गवाही के दौरान पुलिसकर्मियों की गवाही नहीं हुई एक दूसरे से मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के पालीवाल कॉलोनी निवासी 10 लोगो पर पुलिस द्वारा पार्टी 307 का मामला फर्जी तरीके से पंजीकृत किया गया था। वही न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम द्वारा प्राण घातक हमला करने वाले 10 लोगो को दोष मुक्त किया गया।

मिली जानकारी अनुसार 30 मार्च 2020 को रात्रि 9:30 बजे पालीवाल कॉलोनी में लॉकडाउन के संबंध में दिए गए नियमों का पालन न कर लोक सेवक के आदेशों का उल्लंघन आरोपी गणों द्वारा किया गया। आरोपीगण द्वारा थाना सिरोंज में पदस्थ दिनेश कोठारी, ब्रजकिशोर, प्रकाश, प्रियंका, सुनील बघेल को इन 10 लोगों द्वारा गाली गलौज की गई एवं उनके साथ मारपीट की गई मारपीट में पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई थी जिसकी रिपोर्ट थाना सिरोंज में उप निरीक्षक दिनेश कोठारी द्वारा दर्ज कराई गई थी इस रिपोर्ट के आधार पर आरोपीगण के खिलाफ धारा 188,294,332,353,307/34 आईपीसी के अंतर्गत प्रकरण पंजीकृत किया गया था। इस मामले में सभी घायल पुलिसकर्मी थे। लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा अपना ड्यूटी प्रमाण पत्र इस अपराधिक मामले में पेश नहीं किया गया। साथ ही न्यायालय मे हुई पुलिसकर्मी की गवाही एक दूसरे से मेच नही हुई। जिस पर न्यायालय द्वारा सभी पुलिसकर्मियों की गवाही अविश्वसनीय मानी गई तथा 10 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया गया। सिरोंज पुलिस ने प्राण घातक हमले का मामला 10 लोगों के खिलाफ झूठा बनाया था। जिसमें फरियादी के रूप में स्वयं सिरोंज पुलिस के जवान और अधिकारी थे इस मामले को प्रमाणित करने में सिरोंज पुलिस असफल रही है।

## गेहूं, शक्कर और चावल डकारने वाली महिला सेल्समैन निलंबित

**राशन घोटाला:** कुरवाई एसडीएम ने की कार्रवाई राशि वसूली और एफआईआर नहीं की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई तहसील की करैया पंचायत की शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालिका सुरेखा दांगी को कुरवाई एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। दुकान संचालक सुरेखा दांगी और सहायक विक्रेता भूपेंद्र दांगी ने मिलकर 42 क्विंटल गेहूं, 80 क्विंटल चावल और 32 क्विंटल शक्कर का घोटाला किया।

कुरवाई की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी ने 12 मार्च को करैया गांव की राशन दुकान का निरीक्षण किया। जिसमें स्टाक भाव सूची, सतर्कता समिति प्रदर्शित नहीं पाई गई। वहीं स्टाक पंजी, वितरण पंजी भी सहायक विक्रेता द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई। कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी ने दुकान संचालक को 21 मार्च तक उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए थे। यह मामला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के संज्ञान में भी है। उन्होंने कहा था की गरीबों के राशन की कालाबाजारी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। राशन दुकान संचालिका पर कार्रवाई तो कर दी गई है लेकिन न तो वसूली की गई और न ही अब घोटाला करने वालों पर एफआईआर दर्ज हुई है।

### 8 को जारी किया आदेश

कुरवाई एसडीएम ने 8 अप्रैल को आदेश जारी कर दिया। जिसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी द्वारा किए गए निरीक्षण में मिली अनियमित्ताओं का हवाला दिया गया है। अब प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति करैया द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान धारुखेड़ी को आगामी आदेश तक के लिए राशन वितरण की व्यवस्था सौंपी गई है।

## सतपाड़ा सराय में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एनसीसी कैडेटों द्वारा पृथ्वी बचाओ के संदेश के तहत भाषण और ग्राम में रैली का आयोजन किया गया साथ ही मतदान की अपील की। विश्व पृथ्वी दिवस पर जिलेभर में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतपाड़ा सराय के एनसीसी कैडेट एवं एनसीसी ऑफिसर निहाल रघुवंशी द्वारा पृथ्वी बचाओ संदेश एवं पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें शिक्षकों और छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। ग्राम के मुख्य मार्गों से रैली निकाली गई साथ ही स्वीप गतिविधि के तहत सत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## आज मनेगी राम भक्त हनुमान की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी।

लटेरी तालाब संकट मोचन हनुमान पर पिछले 82 वर्षो से लगातार हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम सतत जारी है। इस कार्यक्रम में 7 दिन मेले और रामलीला का मंचन किया जाता है।

क्षेत्र के दूर दराज गांव गांव से हनुमान भक्त रामलीला देखने आते है और हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाते हैं। 23 तारीख से आगरा से आए कलाकारों द्वारा 30 तारीख तक रामलीला का आयोजन किया जाएगा तपोबन भूमि तालाब सिद्ध आश्रम पर हजारों की संख्या में हनुमान भक्त एकत्र होते है और लटेरी सहित क्षेत्र के भक्तों की श्रद्धा भी यहां से जुड़ी हुई है। धूम धाम से हनुमान लला का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। इसी दौरान शाम को महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन और महाआरती इसके बाद श्री राम मानस मंडल समिति द्वारा सुंदरकांठ और मेले का आयोजन भी होगा।

## सुबह हुई बारिश, आसमान में बादलों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

चैत के महिनें में बिजली की तड़क - भड़क और बादलों की गर्जना के साथ सुबह -सुबह हुई बारिश से सावन के महीनें जैसा दृश्य बन गया । रविवार को छाये घने बादलों से रात में रिमझिम तो सुबह जोरदार बारिश ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों के बाहर तौल के इंतजार में गेंहू के ढेर लगे हैं। जिन किसानों ने मूंग की बोवनी की बार -बार की बारिश से प्रभावित होने के साथ वेमौसम बारिश , बादलों के कारण मूंग फसलों में विभिन्न प्रकार के रोग लगना शुरू हो गए हैं। बड़े अरमानों के साथ लागत लगाकर किसानों ने गेंहू ,चना की फसल तैयार की ।कटाई के समय बदले मौसम और एक हफ्ते तक बारिश से फसलों की कटाई प्रभावित बनी रही।

गेंहू की कटाई तो हो गई । तो अब सुरक्षित ढंग से खरीदी केंद्रों पर तौल प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने केंद्रों पर ढेर तो लगा दिए उन्हें बारिश से बचाना सबसें अधिक जोखिम और परेशानियों भरा बना हुआ हैं। वेयर हाऊसों पर धर्म कांटे होते हैं। ऐसे भी अनेक वेयर हाऊस हैं , जहां धर्म कांटा न होने से किसानों का गेंहू इलेक्टिक छोटे कांटो पर तौला जा रहा हैं। क्षेत्र में हमेशा से हम्मालों की कमी बनी हुई हैं। दर्जनों उपार्जन केंद्रों पर बिहार , उ.प्र. , छिंदवाड़ा सिवनी जिलों से आए हम्मलों द्वारा ही तौल की जा रही हैं। अनेक उपार्जन केंद्रों पर हम्मालों की कमी से तौल कार्य प्रभावित और गति अतियन्त धीमी बनी हुई हैं। केंद्रों पर लगातार गेंहू की आवक बढ़ती जा रही हैं।

## बीएमसी में मरीजों की असुविधाओं को लेकर शिवसैनिकों ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज में मरीजों को रही असुविधाओं को लेकर शिवसैनिकों ने संभाग कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उल्लेखित है कि पंजीयन पर्ची, काउन्टर की कमी के चलते मरीजों को कई घण्टे तक लाइन में लगकर इंतजार करना पडता है और वहीं दवाई काउन्टर दोपहर 12 बजे बंद हो जाने से गंभीर मरीजों को बाजार से दवाई खरीदने के लिए मजबूर होना पडता है। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने मेडीकल कॉलेज डीन व अधीक्षक पर मरीजों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बी.एम.सी. में सैकडों मरीज प्रतिदिन डॉक्टरों से इलाज कराने आते है लेकिन उन्हें पंजीयन पर्ची के लिए घण्टों लाईन में लगा रहना पडता है। बी.एम.सी. में पंजीयन काउन्टर बढाये जाना चाहिए और दवाई काउन्टर की संख्या बढाकर दवाई का काउन्टर 24 घण्टे खुलना चाहिए ताकि मरीजों को बाजार से मंहगी दवाई न खरीदना पडे। तिवारी ने कहा कि बी.एम.सी. के वार्डों में स्थित शौचालयों में गंदगी का साम्राज्य है नियमित व सही सफाई न होने से वार्डों के मरीज व उनके परिजन दुर्गंध व बीमारी का शिकार हो रहे है।

### शाम को संजों बघेल की भजन संध्या होगी

**बरेली ।** हनुमान मंदिर छींद धाम शाम 4 बजे ख्याति प्राप्त भजन गायिका संजो बघेल की भजन संध्या प्रारंभ होगी। प्रातः सुबह मंगला आरती के बाद हनुमान भक्तों को पूर्ण वैभव श्रृंगार के साथ हनुमान दद्दा के दर्शन शुरू हो जाएंगे। छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति आज भी भजन गायिका संजों बघेल के धार्मिक भजन , विभिन्न झांकियों साथ देखने सुनने का अवसर हनुमान भक्तों को प्राप्त होगा । नगर के हनुमान मंदिरों एवं प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में सुबह से रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## वन विभाग से मैं भी परेशान हूं: उमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के जंगलों की बढ़ती अंधाधुंध कटाई और अतिक्रमण को लेकर मीडिया से बात करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि वन विभाग से दुखी हूं और मैंने विभाग से मांग की है कि विदिशा जिले सहित गुना,राजगढ़ व संभागीय स्तर पर टीम बने और क्षेत्र में हो रही जंगलों की कटाई और अतिक्रमण पर बड़े स्तर जांच हो।

कार्रवाई की जाए क्षेत्र में हो रही अवैध कटाई और को लेकर विधायक शर्मा ने वन विभाग के छोटे स्तर के कर्मचारियों के लिप्त होने की भी बात कही है। उन्होंने कहा की अवैध गतिविधियां जंगलों में चल रहे शिकार भी हो रहें है। यह मोहन यादव की सरकार है यहां यह सब नहीं चलेगा। भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने वन विभाग की घोर निंदा की है।

### मनमानी पर उतरा विभाग

पेड़ों की कटाई, फिर अतिक्रमण, प्लांटेशन के तार चोरी,सीपीटी खुदाई में झोल ,मुनारे गायब, अवैध फर्नीचर उद्योग,वन जीवों को पानी नहीं, लेलटाना योजना से साफ सफाई की व्यवस्था नही जो हो सकता है बह सब बन विभाग में हो रहा है और जिम्मेदार मौन है जंगलों की लगातार कटाई और बड़ते अतिक्रमण से आज नौबत यह आ चुकी है की अब जंगल में वन्य प्राणी पलायन कर चुके है और कईयों का शिकार हो चुका है। वन विभाग की लापरवाही से आज लटेरी जंगल नष्ट होते जा रहे है और वन विभाग का रवैया न कुछ सुनते, न देखते, न जानते और देख कर अनदेखा करना मानो आदत में आ चुका है । अब तो जन प्रतिनिधि भी मान चुके है की जंगलों को बचाना अब नामुमकिन हो चुका है

### फर्नीचर उद्योगों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

वन विभाग अपनी मनमर्जी पर उतर आया है। बीते दो दिन पहले मुरारिया गांव में चल रहें अवैध फर्नीचर उद्योग को लेकर खबरें प्रकाशित की गई थीं। बावजूद इसके दो दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह स्पष्ट होता है की विभाग के कर्मचारियों की सह पर ही उद्योगों का काम फल फूल रहा है और जंगलों की कटाई में भी स्थानीय विभाग के कर्मचारी लिप्त है।

### जांच चल रही है, कार्रवाई की जाएगी

जांच चल रही है हम जल्द ही कार्रवाई करेंगे। हमारे द्वारा लगातार सर्चिंग करवाई जा रही है। अब तक कार्यवाही तो कुछ नही की गई जांच ही जारी है।

**- मुकेश कैन, रेंजर वन विभाग**

## हेलीकाप्टर से छींदधाम आएंगे सीएम, आमसभा को करेंगे संबोधित, देवरी में हुई पूर्व सीएम चौहन की सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार , संपर्क अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। आज हनुमान जयंती पर छींद वाले हनुमान दद्दा के दर्शन करने करने हजारों भक्तों की उपस्थिति रहेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी आज मंगलवार को छींद वाले दद्दा के दरबार में पहुंचकर पूजन और प्रार्थना करेंगे। छींद धाम मंदिर के पास ही सीएम यादव द्वारा चुनावी सभा को संबोधित किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं। राय मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटैल ने छींद का द्वौरा कर तैयारियों का जायजा लिया गया । होशंगाबाद लोक सभा क्षेत्र में मुख्य चुनावी





मुकाबला भाजपा के दर्शन सिंह चौधरी और कांग्रेस संजय शर्मा के बीच बना हुआ है। उदयपुरा -बरेली विधान सभा होशंगाबाद क्षेत्र में आती हैं। अब पहली बार सीएम यादव का क्षेत्र में आगमन और चुनावी सभा हो रही हैं। पिछलें दिनों में जिस प्रकार चुनावी शोरगुल से दूर दोनों ही दलों के स्थानीय नेता कार्यकर्ता दम साधे रहे। किसी की नेता की एक भी सभा न होने से पूरी तरह शांति का माहौल था। सोमवार को देवरी में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं राय मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटैल , ठाकुर रामपाल सिंह , प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने सभा को संबोधित कर भाजपा की विकास योजनाओं , विभिन्न प्रकार के दिए जा रहे लाभ की चर्चा कर भाजपा के कार्यकर्ता, नेताओं में जोश भर दिया । मंगलवार एवं हनुमान जयंती के पर्व पर आज संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र के साथ अन्य जिलों से हनुमान भक्तों का छींद आगमन होगा । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव हेलीकाप्टर के द्वारा पहली बार क्षेत्र में आ रहे हैं। छींद में आज भाजपा की चुनावी सभा में हजारों कार्यकर्ताओं हनुमान भक्तों की उपस्थिति रहेगी । सीएम डा. मोहन यादव द्वारा भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में अधिकाधिक मतदान की अपील कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा जाएगा ।

पुराना ट्रेक्टर बेचना है
MP 38 ZB- 9883
2023 MODEL
FARMTRAC 50
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो:- 9425600144

## जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते बने हुए हैं ऐसे हालात

# 1 करोड़ लागत का सतधारा स्तूप सीसी रोड हुआ खराब, बिजली की भी नहीं है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पर्यटन स्थल सतधारा स्तूप पहुंचने के लिए जो सीसी मार्ग 1 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था वह पूरी तरह से खराब हो चुका है। इसकी गिट्टियां तक उखड़ चुकी है। वहीं सतधारा स्तूप क्षेत्र में बिजली पानी की भी व्यवस्था नही है। जिसकी वजह से पर्यटक परेशान हैं। भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 रोड से सतधारा स्तूपों की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है। यहां पर जाने के लिए 1 करोड़ रुपए की लागत से नहर से लगकर सीसी रोड डाला गया था। वह भी घटिया निर्माण के चलते जगह जगह से खराब हो गया है।

स्तूप परिसर में बिजली लाइट की व्यवस्था नही है। यहां पर रात भर सिर्फ 1 सोलर लाइट के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। और अभी गर्मी के मौसम में पर्यटकों यहां कम ही आते हैं। क्योंकि यहां पर छांव की कोई व्यवस्था भी नही है। पर्यटन विभाग को इस और ध्यान देकर सतधारा स्तूप क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर करनी चाहिए। गौरतलब है कि प्रदेश में बौद्ध स्तूपों की बात हो तो सांची के अलावा दूसरा नाम ही नहीं सूझता जबकि यही खासियत सतधारा स्तूप की भी है।

इसे राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में शामिल तो किया गया है। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव के चलते ये बौद्ध स्तूप वीरान पड़े हुए हैं। वहीं वर्ष 92 में यूनेस्को द्वारा यहां के विकास के लिए सर्वप्रथम 50 लाख रुपए की राशि दी गई थी। जिससे मात्र एक बाहरी दीवार व सीढ़ियां बनाई गईं और इस निर्माण पर भी यूनेस्को ने आपत्ति दर्ज कराई थी। उसके बाद कई बार करोडों रुपए की राशि यहां के विकास के लिए आई। और उस राशि से सतधारा बौद्ध स्तूप क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाए गए हैं। उसके बाद भी सतधारा बौद्ध स्तूपों को सांची जैसी प्रसिद्ध नही मिल पाई।





### भोपाल विदिशा मुख्यमार्ग से 7 किमी की दूरी पर स्तिथ हैं सतधारा के स्तूप--

*सतधारा स्तूप की प्रसिद्धि और यहां सुविधाओं के नाम पर कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। विडंबना यह है कि वह पूरातत्व विभाग सतधारा के स्तूपों का अच्छे से प्रचार-प्रसार नहीं कर रहा है। वहीं यूनेस्को द्वारा प्रदत राशि से किया गया निर्माण कार्य भी संतोषजनक नहीं है। वर्ष 99 में हुए इस जीणोद्धार के बाद जनवरी 2005 में यूनेस्को के पुरा-विशेषज्ञों के दल ने इस पर असंतुष्टि जताते हुए इस को तोड़कर दोबारा निर्माण करने के निर्देश दिए थे। एक विचित्र स्थिति यह भी है कि उक्त भूमि पहले वन विभाग के अधीन थी। काफी समय बाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास ट्रांसफर हुई है। यहां बिजली, संचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। यहां आने के लिए करोडों रुपए की राशि का सड़क मार्ग भी नया बनाया गया था। लेकिन वह भी अब जगह-जगह से खराब हो चुका है। उसके बाद भी पर्यटक यहां आने में असमर्थ होते हैं। इसलिए सांची से अधिक सुंदर इस स्थान को ना तो प्रसिद्धि मिल पा रही है। और और ना ही पर्यटन की दृष्टि से कोई लाभ हो पा रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा प्रशासन को कई बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी यहां पर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी है।*

### 272-238 ईसा पूर्व में बनवाया था ईंटो का स्तूप

हलाली नदी के दाएं किनारे पहाड़ी पर स्थित बौद्ध स्मारक सताधारा की खोज ए कन्धिम ने की थी। मौर्य सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए स्तूप का निर्माण कराया था। इस स्थल पर छोटे-बड़े कुल 27 स्तूप, दो बौद्ध बिहार तथा एक चैत्य है। वर्ष 1989 में इस स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया। ईसा पूर्व 272-238 में सम्राट अशोक ने सांची स्तूप निर्माण के समय ही सतधारा में ईंटों का स्तूप बनवाया था। यहां मौजूद वैदिक स्तंभ में कमल पुष्प, आलेख सिंह, वेष्टित वृक्ष, मानवाकृति आदि अलंकरण सहित दानदाताओं के कई अभिलेख भी हैं। उत्खनन के दौरान बौद्ध सारिपुत्र तथा महागोपालन के अस्थि अवशेष मिले। यहां शैलाश्रय में बौद्ध का व्यक्ति चित्र, आठ स्तूप, बारह बिहार और एक मंदिर है। यह स्थान मौर्य काल में विकसित हुआ और गुप्त काल से इसकी उपेक्षा शुरू हुई।

### इनका कहना है

*कुछ समय पहले पर्यटकों के बैठने के लिए सतधारा में लगभग 6 गजीफे बनाए गए थे। उनका भी घटिया निर्माण किया गया है। वो अभी से ही टूटने लगे हैं। यह स्थान सांची से कहीं अधिक सुंदर है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले सतधारा स्तूपों तक जाने के लिए सड़क नही थी। सड़क निर्माण तो हुआ लेकिन अब सड़क जगह-जगह से खराब हो चुकी है। पर्यटक सांची जितना यहां पर नहीं आते हैं।*

*- **रघुवीर मीणा**, सरपंच राताताई।*

*में पिछले हफ्ते बड़े ही हर्ष, उल्लास और उमंग के साथ सतधारा के बौद्ध स्तूप अपने परिवार के साथ गया था। मन में कई सारी उमंगे और उत्सुकता थी कि वहां के स्तूप की प्राकृतिक सौन्दर्यता तो मंत्रमुग्ध कर देगी किन्तु तब परिवार और बच्चों के साथ वहां जाना एक श्राप और सजा जैसा लगा। क्योंकि यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नही है, जबकि यह स्थान सांची से सुंदर है। हमारा तो सारा मजा ही किरकिरा हो गया और हमें स्तूप का आनंद लिए बिना ही घर वापस लौटना पड़ा।*

*- **समीर यादव**, पर्यटक भोपाल।*

# प्रेमी संग भागी 3 बच्चों की मां, परिजन आपस में भिड़े

## खूनी संघर्ष में जमकर चले कुल्हाड़ी-डंडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गैरतगंज तहसील के सिंहपुर गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस झगड़े में जमकर कुल्हाड़ी एवं डंडों से हमला किया गया। जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ग्राम सिंहपुर में ब्रजेश अहिरवार व विनोद अहिरवार के 2 पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा एक पक्ष के व्यक्ति द्वारा दूसरे पक्ष की महिला को भगाकर ले जाने की बात पर हुआ था। झगड़े में कहासुनी और गाली-गलौज के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसके जवाब में गुस्साए दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की। घटना में एक पक्ष के ब्रजेश अहिरवार एवं रामप्रसाद अहिरवार तथा दूसरे पक्ष के हरिकेश, कुंदनलाल व गौरा बाई सहित दोनों पक्षों के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने बताया कि घटना में एक पक्ष के हरिकेष अहिरवार, कुंदन लाल अहिरवार, विनोद अहिरवार व नौनीतराम तथा दूसरे पक्ष के ब्रजेश अहिरवार, राम प्रसाद, रंजीत व मुन्ना लाल सहित दोनों पक्षों के 8 लोगों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। फिलहाल घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### विवाद का मुख्य कारण

खूनी संघर्ष की इस घटना के पीछे असल जड़ प्रेम प्रसंग है। एक पक्ष की एक विवाहित महिला जो 3 बच्चों की मां है वह दूसरे पक्ष के व्यक्ति के साथ भाग गई है तथा वह उसी के साथ रहना चाहती है।

इससे नाराज होकर महिला के परिवार के लोग झगड़े पर अमादा हो गए। इसके पहले गैरतगंज पुलिस थाने में महिला के परिवार वालों ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने विगत 6 अप्रैल को मामला दर्ज किया। इसी से दोनों पक्षों के बीच तनातनी चल रही थी। घटना वाले दिन महिला ने थाने में उपस्थित होकर अपने प्रेमी के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त करते हुए बयान दर्ज कराए थे।

## अंतिम दिन 3 उम्मीदवारों ने वापस लिया नाम

# विदिशा संसदीय क्षेत्र में 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में



◆ व्यय प्रेक्षक ने 13 अभ्यर्थियों को बांटे चुनाव चिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

संसदीय विदिशा के लिए अभ्यर्थिता से नाम वापसी के अंतिम दिन 22 अप्रैल तक 3 अभ्यर्थियों द्वारा अपने नाम निर्देशन वापस ले लिए। विदिशा संसदीय क्षेत्र में अब 13 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। व्यय प्रेक्षक मेहुल कुमार जैन की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटन किए गए।

विदिशा के लिए निर्वाचन लड़ रहे बसपा के किशनलाल लड़िया निवासी विदिशा को चुनाव चिन्ह हाथी, कॉग्रेस के प्रतापभानु शर्मा को चुनाव चिन्ह हाथ, भाजपा के शिवराज सिंह चौहान को चुनाव चिन्ह कमल का फूल तथा जयप्रकाश जनता दल पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश कुमार गौर्ा को चुनाव चिन्ह डीजल पम्प दिया।

इसी प्रकार अखिल भारतीय परिवार पार्टी के धर्मवीर भारती को चुनाव चिन्ह केतली, राइट टु रिकॉल पार्टी के धर्मेन्द्र सिंह पंवार (गोलु भैय्या) को चुनाव चिन्ह प्रेशर कुकर, महानवादी पार्टी के भीकम सिंह कुशवाहा को चुनाव चिन्ह करनी तथा पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी के भाई मुंशीलाल सिलावट को चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा आवंटित किया गया।

इनके अतिरिक्त सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा को चुनाव चिन्ह झूला, निर्दलीय अब्दुल जब्बार को चुनाव चिन्ह बल्ला, निर्दलीय अब्दुल रशीद को चुनाव चिन्ह बक्सा, निर्दलीय अभ्यर्थी धूलसिंह धम्म निवासी ग्राम कचनारिया पोस्ट चुपाडिया तहसील आष्टा जिला सीहोर को चुनाव चिन्ह चारपाई तथा निर्दलीय अभ्यर्थी सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया निवासी वार्ड नम्बर-28 शिवमंदिर के पास शेरपुरा विदिशा को चुनाव चिन्ह माईक आवंटित किया गया।

## सूर्या फैक्ट्री के पास में नीम के पेड़ से रस्सी बांधकर की आत्महत्या

# पत्नी से विवाद के चलते 5 बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, 2 साल से अलग रह रही मृतक की पत्नी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

सोमवार सुबह लगभग 8 बजे राजीवनगर सूर्या फैक्ट्री के पास पांच बच्चों के 48 वर्षीय पिता ने नीम के पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है मृतक का अपनी पत्नी से लगभग 2 वर्षो से विवाद चल रहा है। और पत्नी अलग रह रही है। सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार सुबह 10:30 बजे सूचना मिली कि सुबह आठ बजे राजीवनगर में गणेशराम चिढ़ार पिता खुशीलाल चिढ़ार उम्र 48 वर्ष निवासी राजीवनगर ने सूर्या फैक्ट्री के पास नीम के पेड़ से रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर मर्ग का मामला कायमकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### अकेलेपन और पत्नी से विवाद की वजह से दुखी होकर लगाई है फांसी

गणेशराम का अपनी पत्नी से पांच सालों से विवाद चल रहा है। और उसकी पत्नी लगभग दो सालों से पति से अलग रहकर हलवाई का काम कर रही है। मृतक गणेशराम की चार लड़कियां और एक लड़का है। वह सलामतपुर में मूंगफली का ठेला लगाकर गुजर बसर कर रहा था। अभी कुछ समय पहले ही उसने अपनी लड़की की शादी कर दी थी। जिसके बाद वह अकेला ही रह रहा था। यही अकेलेपन और पत्नी से विवाद के चलते उसने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।





### इनका कहना है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलामतपुर में पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम नही है। अगर किसी व्यक्ति की घटना या दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो परिजनों को उसके शव के पोस्टमार्टम के लिए 8 किलोमीटर दूर सांची सिविल अस्पताल ले जाना पड़ता है।

**- डॉ रवि राठौर,** मेडिकल ऑफिसर प्रा.स्वा. केंद्र सलामतपुर

### 42 गांव के अस्पताल में 67 साल से नहीं है मर्चुरी रूम, शव पोस्टमार्टम के लिए परिजन होते हैं परेशान

सलामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मर्चुरी रूम नही होने से दुर्घटनाओं या हत्या जैसे मामलों में मृत लोगों के पोस्टमार्टम के लियें परिजनों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीण इस समस्या के समाधान के लिए शिकायतें भी कर चुके हैं। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लगभग बयालीस गांव आते हैं। और भोपाल-विदिशा रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में दुर्घटना में यदि किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो उसके पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को यहां से वहां भटकना पड़ता है।

स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी से भी कई बार मांग करी है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही मर्चुरी रूम बनाया जाए। ताकि कोई भी दुर्घटना,एक्सीडेंट या हत्या जैसे मामलों में मृतक के परिजनों को शव के पोस्टमार्टम के लिए परेशान न होना पड़े। लेकिन अभी तक स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी नही हुई है। सोमवार को हुई आत्महत्या के मामले में भी गणेशराम के शव को 8 किलोमीटर दूर सांची सिविल अस्पताल ले जाना पड़ा। जिससे परिजन काफी परेशान हुए।

# अवैध शराब का करोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

विकासखंड सांची के चारों तरफ के ग्रामीण क्षेत्रों में अभेद शराब का कारोबार जोरों पर चल रहा है। पहले कहीं किसी गांव में विलेक से शराब मिला करती थीं अब यह आलम है कि हर गांव के अंदर शराब आपको पर्याप्त रूप में मिल सकती है वहीं कई गांव में लोग कच्ची शराब बनाकर लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जहां सरकार इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए पूरा जोर लगा रही है वहीं यह धंधा भरपूर तरीके से फलफूल रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिम्मेदारों को नहीं है, लेकिन कुछ चंद्र रुपयों के लिए यह अपनी आंखों पर पट्टी बांध कर हो रहे अभेद कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं यह कारोबार कलारी की दुकानों से माल सप्लाई किया जाता है और गांव में जाकर बेचा जाता है वही गांव की महिलाओं का यह कहना है कि हम जो पैसा मजदूरी करके कमा के लाते हैं हमारे घरवाले बो सारा शराब पीने में उड़ा देते हैं

# हनुमान जयंती पर निकलेगी झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

हनुमान जयंती पर पवन पुत्र की शोभायात्रा में आकर्षण के केंद्र बिंदु रहेंगे अयोध्या के राम जी की मनमोहक प्रतिमा। श्री हनुमान का मनमोहक स्वरूप और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा विमान में विराजमान होकर नगर का भ्रमण करेंगे। आदर्श सेवा समिति के संरक्षक राकेश वर्मा के नेतृत्व में शोभायात्रा का 20 वां वर्ष की बेला में बड़े ही स्तर पर आयोजन किया जा रहा है विशाल शोभायात्रा लगभग 4 किलोमीटर कि इस यात्रा में आकर्षण के केंद्र बिंदु रहेंगे अयोध्या के राजा रामचंद्र जी इस यात्रा में आकर्षण के केंद्र बिंदु रहेंगे। अंजनी के लाल हनुमान जी महाराज इस यात्रा में आकर्षण के केंद्र बिंदु रहेंगे छत्रपति शिवाजी महाराज की झांकी को पुष्पक विमान में बिठाया जाएगा यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर सभी मार्गों से होती हुई नाव घाट चमत्कारिक स्थल अंजनी के धाम पहुंचेगी। यात्रा में ऊंट नृत्य, घोड़े की कला का प्रदर्शन मनभावक रहेगा।

## आस्था के साथ हनुमान दरबार में मनोकामना करने से होती है मन्नत पूर्ण

# श्रीहनुमान प्रकटोत्सव पर सोजनीधाम में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

◆ *प्रत्येक मंगलवार को बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचते हैं श्रद्धालु*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी महाराज के दरबार में पहुंच कर सच्चे मन से की गई मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होती है। जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु दरबार में पहुंचकर कार्य सिद्वी की मनोकामना करते है, सच्चे मन से आस्था के साथ की गई मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होती है। ऐसा ही हनुमानजी महाराज का दिव्य मंदिर तहसील के सोजनी धाम में स्थित है। जहां कि प्रति मगलवार को श्रद्धालु पहंच कर पूजा अर्चना करते है। मंगलवार होने व हनुमान प्रकटोत्सव होने के कारण सोजनीधाम में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा।

तहसील मुख्यालय से करीब 8 किलो मीटर दूर सांईखेड़ा ग्राम पंचायत के तहत आने वाले सोजनीधाम हनुमानजी महाराज का प्राचीन मंदिर स्थित है, जो कि एक सौ साल से अधिक का बताया जा रहा है, इस मंदिर का निर्माण कब व किसने कराया इसका प्रमाण किसी के पास नहीं होना बताया जा रहा है। यहां पर प्रति मंगलवार को श्रद्वालु पहंचते है तथा पूजा, अर्चना, आरती कर मनोकामना पूर्ण होने की गुहार लगाते है।

बताते है कि हनुमान की मूर्ति के सामने खड़े होकर दर्षन करने व मनोकामना करने से मांगी गई मुराद अवष्य ही पूर्ण होती है। मनोकामना की पूति के लिए प्रति मंगलवार को सैंकड़ो की संख्या में श्रद्वालु पहुंच कर हनुमान मंदिर में पवनपुत्र हनुमान की पूजा अर्चना कर भोग लगाते है।

### मंगलवार का दिन होता है खास

मंगलवार का दिन बेहद खास माना गया है इस दिन सैंकड़ो की संख्या में सिलवानी, सांईखेड़ा सहित सैंकड़ो किलो मीटर दूर से भी श्रद्वालु यहां आते हैं इस दिन सोजनीघाम में मेले सा नजारा उत्पन्न हो जाता है। यहां पर प्रसाद के साथ ही महिलाओं के सौंदर्य सामग्री की दुकानो के साथ ही बच्चों के लिए खेल खिलौने की दुकाने भी लगती है। मंगलवार को सोजनीधाम पहुंचने वाले श्रद्वालुओं में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक देखी जाती है।

### आज नगर में हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा, शाम के समय निकलेगा चल समारोह

*मयादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी महाराज का आज प्रकटोत्सव तहसील मुख्यालय सिलवानी में मगलवार को श्रद्वा भाव से मनाया जाएगा। मंगलवार को हनुमान प्रकटोत्सव होने के कारण श्रद्वालुओ में उत्साह देखा जा रहा है। हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर विष्व हिंदु परिषद व सामाजिक संगठनो के द्वारा मंगलवार को शाम 5 बजे भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। प्राचीन श्रीराम मंदिर जमुनिया पुरा से चल समारोह प्रांरभ होगा, जो कि नगर भ्रमण करेगा। स्थान स्थान पर श्रद्वालुओ के द्वारा चल समारोह में शामिल हनुमानजी महाराज की प्रतिमा की पूजा, अर्चना, आरती की जाएगी। आयोजक समिति ने श्रद्वालुओ से तय समाज पर चल समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।*

# क्षेत्र में दो दिन से खेतों की नरवाई में लग रहे आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

नरवाई में लगाई जाने वाली आग से हर साल जिले में नुकसान होता रहा है। जिसको लेकर कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाते हुए आग लगाए पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद भी रोज कहीं ना कहीं नरवाई में आग लगाई जा रही है।

प्रतिबंध के बाद भी खेतों में नरवाई से लगने वाली आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना खेतों में आग की घटना हो रही है। इसके कारण दमकल दिनभर गांवों की ओर दौड़ रही है। नरवाई की आग को लेकर किसान भी जागरुक नहीं है। इधर, प्रशासन भी नरवाई की आग की रोकथाम को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। इससे पर्यावरण प्रदूषण भी बड़ रहा है। इसके बावजूद किसान इसकी अनदेखी कर रात के समय खेतों में आग लगा रहे हैं। नरवाई की आग से बडी घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्र के करीब 90 फीसदी खेतों में गेहूं फसल की कटाई का काम पूरा हो गया है। उपज किसानों ने घर पहुंचा दी है। अब खेतों में नरवाई जलाई जा रही है। अब जो खेतों गेहूं के ठूठ रह गए हैं। उनको खेतों में ही जलाया जा रहा है जबकि अभी बारिश के पूरे 2 महीने बाकी है।

अगर इसी प्रकार खेतों में आग लगाई गई तो आने वाले दिनों में पशुओं को चारा मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। अभी कई पशु खेतों में चरते हुए नजर आ रहे हैं लेकिन आग लगाने के बाद इनको चारा मिलना भी मुश्किल होगा।